तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 30.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 8 जून 2026

10 पर्यावरण बचाने अधिक से अधिक पौधे लगाने ...



09 परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज के वार्षिक अधिवेशन ...





# विश्व साइकिल दिवस पर निकाली रैली, युवाओं ने दिया फिटनेस का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया मूवमेंट के तहत बलौदाबाजार में एक शानदार साइकिल रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत योग भवन से हुई, जहां वरिष्ठ भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, पार्षद जितेंद्र डड़सेना और वरिष्ठ नागरिक जयनारायण केशरवानी ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल रैली को रवाना किया। फिट रहने,पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश देती हुई यह रैली योग भवन से निकलकर ज्ञान गंगा स्कूल मार्ग से होते हुए वापस योग भवन में आकर संपन्न हुई। रैली में बड़ी संख्या में जिले के युवाओं ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया।साइकिल रैली के समापन के बाद योग भवन में ही जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर शिविर के दौरान विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण लेने वाले बच्चों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें मलखंभ के खिलाड़ियों द्वारा प्रस्तुत किए गए हैरतअंगेज और साहसिक करतब मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। बच्चों की इस अद्भुत प्रतिभा और संतुलन को देखकर उपस्थित अतिथियों और दर्शकों ने तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया।

## ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में बच्चों ने मलखंभ में दिखाया हुनर




### प्रतिभागियों को किया सम्मानित

कार्यक्रम में शिविर के सभी होनहार प्रतिभागियों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए सर्टिफिकेट और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए वहां उपस्थित सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों और प्रतिभागियों ने जल संचय की सामूहिक शपथ ली और पानी बचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी और खेल अधिकारी प्रीति बंछोर सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### ट्रक की चपेट में आये बाइक चालक की मौत

**भाटापारा।** रविवार दोपहर 3 बजे पेंड्री बायपास रोड पर ट्रक की चपेट मे आने से एक मोटर सायकल पर सवार व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार दीपक वर्मा 34 साल पेंड्री से सूमा की ओर जा रहा था। वहीं पेन्ड्री तालाब के पास पहुंचने पर सामने से तेज गति से आ रहे ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। उसे घायल अवस्था में सिविल अस्पताल लाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। ग्रामीण थाना पुलिस रोहित सिंग ने बताया ट्रक क्रमांक सीजी 22 एएच 9346 के चालक ने तरेंगा पेंड्री बायपास सडक से होते हुए बलौदाबाजार की ओर जा रहा था और दीपक वर्मा को लापरवाही पूर्वक गाडी चलाते हुए सामने से अपनी चपेट मे ले लिया पुलिस मामले पर मर्ग कायम कर आगे की विवेचना व जांच की जा रही है वही ट्रक को पुलिस ने जब्त कर लिया है।

### सीमेंट से लदा ट्रक पलटा बाल- बाल बचे राहगीर



**पलारी।** पलारी में शनिवार को दोपहर 3:00 बजे के करीब शुभम के मार्ट के सामने सीमेंट से भरा 16 चक्का ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया और लोहे की रेलिंग को तोड़ते हुए खड़ी आर्टिका कार को अपने चपेट में ले लिया गनीमत है कि हादसे के वक्त न ही कार में कोई था न ही उस वक्त राहगीरो का आवागमन था। जिससे बड़ी घटना टल गई प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया की ट्रक चालक नशे की हालत में था तथा लापरवाही पूर्वक वाहन चला रहा था। वही हादसे के बाद ट्रक चालक भागने के फिराक में था। उसी वक्त उसे दबोच लिया गया। बताया गया कि उक्त ट्रक सीमेंट भरकर बलोदाबाजार से रायपुर की ओर जा रही थी।

### सट्टा खिलाते धरे गए चार सटोरिए, जेल दाखिल

**रायपुर।** आजाद चौक पुलिस ने सट्टा खिलाने वाले चार आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ईदगाहभाठा के पास कुछ लोग सट्टा संचालित कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें अब्दुल रहमान निवासी ईदगाहभाठा, अभिषेक विश्वकर्मा उर्फ अंकित निवासी लिली चौक, राजा अग्रवाल निवासी अश्वनीनगर एवं दीपेश तिवारी तिरंगा चौक कुशालपुर शामिल हैं। इन सभी के विरुद्ध धारा 6 (क) छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 112 बीएनएसएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।



## कार्रवाई : एसपी ओ.पी. शर्मा के निर्देशन में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, फरार वारंटियों पर कसा शिकंजा

# 32 साल से फरार आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे 14 दिनों के विशेष अभियान में 93 वारंटी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और आपराधिक तत्वों पर नकेल कसने के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा चलाया गया 14 दिवसीय विशेष अभियान बेहद सफल रहा। पुलिस अधीक्षक ओ.पी. शर्मा के कुशल निर्देशन और सटीक रणनीति के चलते पुलिस ने न्यायालयीन आदेशों की अवहेलना करने वाले और लंबे समय से फरार चल रहे कुल 93 स्थाई और गिरफ्तारी वारंटियों को दबोचने में बड़ी सफलता हासिल की है।

25 मई से 7 जून तक चले इस सघन अभियान के दौरान जिले के विभिन्न थानों की टीमों ने मुस्तैदी से काम करते हुए वर्षों से कानून की आंख में धूल झोंक रहे अपराधियों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया।





### कानून से ऊपर कोई नही

न्यायालयीन प्रक्रियाओं का सम्मान करना और जिले में शांति व सुरक्षा का माहौल बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। फरार अपराधियों और वारंटियों के खिलाफ बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की यह सख्त कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। कानून से ऊपर कोई नहीं है

-ओ.पी. शर्मा, पुलिस अधीक्षक

### दी दबिश, 32 साल पुराना वारंटी भी गिरफ्तार

बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की इस कार्रवाई की सबसे खास बात यह रही कि टीमों ने न केवल स्थानीय स्तर पर, बल्कि छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों में भी आरोपियों के छिपने के ठिकानों पर ताबड़तोड़ दबिश दी। पुलिस टीमों ने जांजगीर-चांपा, रायपुर, महासमुंद, बिलासपुर और बेमेतरा आदि जिलों से भी कई शातिर स्थाई वारंटियों को खोज निकाला और उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। इसी अभियान के दौरान पुलिस को एक बड़ी सफलता तब मिली, जब उन्होंने 32 वर्ष पुराने एक स्थाई वारंटी को भी घेराबंदी कर धर दबोचा।

## जमानत पर छूटते ही शहर में हुड़दंग मचाने वाले 9 बदमाश गिरफ्तार, पुलिस ने निकाला जुलूस

**भाटापारा।** जेल से जमानत पर रिहा होते ही शहर में कारों और बाइकों पर शक्ति प्रदर्शन कर दहशत फैलाने वाले 9 आदतन हुड़दंगियों को भाटापारा शहर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने न सिर्फ देर रात सड़क पर हुज्जतबाजी की, बल्कि आम जनता में खौफ पैदा करने के लिए इस हुड़दंग का वीडियो (रील) बनाकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'इंस्टाग्राम' पर भी अपलोड कर दिया था। पुलिस ने इसे गंभीरता से लेते हुए घेराबंदी कर सभी को दबोच लिया। गिरफ्तार किये गए आरोपियों में आदित्य साहू 22 वर्ष, सागर धींवर 27 वर्ष, मनीष धृतलहरे उर्फ सूर्या 21 वर्ष, वसीम अली 20 वर्ष, संतोष उर्फ छोटू मनहरे 25 वर्ष, सागर यादव 24 वर्ष, आशीष ध्रुव 21 वर्ष, हेमंत भाट 20 वर्ष और ओम ध्रुव 20 वर्ष शामिल हैं। पूर्व में थाना भाटापारा शहर में धारा 119(1), 296, 391(2), 115(2), 324(3), 3(5) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जिला जेल भेजा गया था। 5 जून को न्यायालय से जमानत मिलने के बाद जेल से रिहा होते ही इन आरोपियों द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर क्षेत्र में अनैतिक शक्ति प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। आरोपियों द्वारा कल्याण सागर वार्ड, तालाब पार रोड में चारों तरफ अपनी कारों और मोटरसाइकिलों से हुड़दंग मचाते हुए रात्रि करीब 10 से 11 बजे के मध्य एक रैली निकाली गई।



घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर भाटापारा शहर पुलिस टीम तत्काल हरकत में आई। पुलिस बल को देखकर आरोपी मौके से भागने का प्रयास कर रहे थे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ और घटना की तस्दीक के बाद, ▶▶ शेष पेज 09 पर

### क्षेत्र में खौफ फैलाने की थी मंशा

इस दौरान आरोपियों ने मोहल्ले के आम लोगों से हुज्जतबाजी व बदसलूकी की, जिससे स्थानीय नागरिकों में भय और असुरक्षा का माहौल निर्मित हो गया। आरोपियों के इस कृत्य से क्षेत्र में चाकूबाजी व अन्य गंभीर संज्ञेय अपराध घटित होने की प्रबल आशंका थी। आरोपियों का दुस्साहस यहीं नहीं रुका; उनके द्वारा हुड़दंग, नारेबाजी और आम जनता को डराने-धमकाने का बाकायदा वीडियो (रील) बनाकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपलोड किया गया था, जिसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में अपनी धौंस जमाना और खौफ पैदा करना था। पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर इस तरह के आपराधिक प्रदर्शन को अत्यंत गंभीरता से लिया गया।

# अनियमितता मिलने पर कृषि सेवा केंद्र सीलबंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार तथा उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक के मार्गदर्शन में लगातार कृषि केन्द्रों का सघन निरिक्षण की कार्यवाही जारी है। इसी तारतम्य में रविवार को उर्वरक निरीक्षण के दौरान एक कृषि सेवा केन्द्र में भारी अनियमितता पाए जाने पर केंद्र को सील बंद कर नोटिस जारी किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड कसडोल के उर्वरक निरीक्षक धनेश्वर साय के द्वारा ग्राम



बया में संचालित अग्रवाल कृषि सेवा केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्र में भारी अनियमितता पाई गई। कृषि केंद्र में उपलब्ध भौतिक उर्वरक स्कंध तथा पॉस मशीन में उपलब्ध स्कंध में भिन्नता पाई गई।इसके अलावा ▶▶ शेष पेज 09 पर

# आग से किसान का कोठा जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम अम्बुजा सीमेंट रवान से लगे भद्रापाली गांव में शनिवार को अचानक भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते खिलावन वर्मा के घर के सामने स्थित कोठा उसकी चपेट में आ गया। आगजनी की इस घटना में कोठा में रखा मवेशियों का चारा, पैरा सहित अन्य सामग्री जलकर खाक हो गई। हालांकि समय रहते ग्रामीणों की सजगता और अडानी अंबुजा प्लांट प्रबंधन की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया।

- अंबुजा प्लांट की दमकल और ग्रामीणों की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोपहर के समय अचानक कोठा से धुआं और आग की लपटें उठने लगीं। तेज गर्मी और हवा के कारण आग तेजी से फैलने लगी, जिससे आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया। ग्रामीण तत्काल आग बुझाने में जुट गए, लेकिन आग की भयावहता को देखते हुए फायर ब्रिगेड की आवश्यकता महसूस हुई। इसी दौरान भारत माता ▶▶ शेष पेज 09 पर



# सोलर पावर प्लांट से लाखों का केबल चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय के नजदीकी ग्राम केशडबरी स्थित सोलर पावर प्लांट में हुई लाखों रुपए की केबल और सोलर पैनल चोरी के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मामले में मुस्तैदी दिखाते हुए घटना के बाद से फरार चल रहे मुख्य आरोपी सहित कुल 3 सह-आरोपियों को बिलासपुर जिले के पचपेड़ी से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है।

- बिलासपुर के पचपेड़ी से दबोचे गए

इस मामले में एक आरोपी को पहले ही रंगे हाथों पकड़ा जा चुका है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नगदी और चोरी का केबल वायर बरामद किया है। राधा विहार कॉलोनी (बलौदाबाजार) निवासी प्रार्थी गुलबेद खान ने थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ग्राम केशडबरी में स्थित सोलर पावर प्लांट में निर्माण कार्य चल रहा है। यहां 1 मई को एक इन्वर्टर का केबल व सोलर पैनल और उसके अगले ही दिन 2 मई की रात को 4 अन्य इन्वर्टर के केबल चोरी हो गए थे। चोरी गए कुल सामान की कीमत लगभग 4,50,000 रुपए आंकी गई थी।2 मई की रात जब चोरी की वारदात को अंजाम दिया जा रहा था, तब प्लांट ▶▶ शेष पेज 09 पर



### तीन आरोपी गिरफ्तार

पुलिस की सघन पूछताछ और मेमोरेंडम कथन में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने चोरी किए गए केबल वायर से कीमती तांबा (कॉपर) निकाला और उसे एक कबाड़ी वाले को 12,000 रुपए में बेच दिया था। इसके बाद मिली रकम को उन्होंने आपस में बांट लिया था। मामले में चोरी का माल खपाने और वारदात में शामिल रहने के जुर्म में तीनों को 6 जून 2026 को बबलू मधुकर 28 साल निवासी नया तहसील कार्यालय के सामने, पचपेड़ी, जिला बिलासपुर,सूरज देवार 32 साल निवासीः मानिकचौरी जिला बिलासपुर, विजय खुंटे 30 साल निवासीः पताईडीह, थाना पचपेड़ी, जिला बिलासपुर को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से नगदी रकम 2,100 रुपए, सोलर पैनल केबल का 400 मीटर वायर कीमती लगभग 20,000 रुपए का जब्त किया गया। मामले में सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा आगे की विवेचना और वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बिलासपुर में दबिश

मामले की गंभीरता को देखते हुए बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस अधीक्षक ओ.पी. शर्मा के कुशल निर्देशन में फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया था। पुलिस टीम ने मुखबिरों और गवाहों की मदद से आरोपियों के छिपने के ठिकाने का पता लगाया और बिलासपुर जिले के ग्राम पचपेड़ी में ताबड़तोड़ दबिश देकर घेराबंदी करते हुए 3 अन्य आरोपियों को हिरासत में लिया।

## अवैध कब्जे, ठेले-गुमटी, पशुओं का जमावड़ा यथावत

# यातायात सुधार अभियान ठंडे बस्ते में, नहीं बदले हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

नगरपालिका सिमगा में गत दिनों नगरपालिका एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने नगर के नए बस स्टैंड से सरोपी तालाब तक लगभग एक किलोमीटर यातायात व्यवस्था को सुधारने व संभावित सड़क दुर्घटनाओं से बचने तथा नगर की सुंदरता के लिए सड़क के दोनों तरफ मौजूदा दुकानदारों को सुव्यवस्थित बैनर होर्डिंग तथा वाहनों को सुव्यवस्थित रखने के लिए निर्देश जारी किए थे।

नगरपालिका की कार्यवाही औचित्यहीन साबित हो रही है साथ ही नपा व पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही की नगर में किरकिरी हो रही है। ज्ञात हो कि इससे पूर्व भी अनेकों बार इस तरह की कार्यवाही हुई लेकिन



जनप्रतिनिधियों व स्थानीय नेताओं के दबाव के चलते मामला ठंडे बस्ते में चला गया और यह मामला भी ऐसा ही है। यहां यह बताना जरूरी है कि शासन द्वारा करोड़ो रुपये खर्च कर पूर्व में सर्वसुविधा युक्त प्रतिक्षा बस स्टैंड का निर्माण करवाया गया था जिसका सही मायने में जनहित में उपयोग नहीं हो पा रहा है। रायपुर बिलासपुर कवर्धा जबलपुर तिल्दा की ओर से आने जाने वाली दर्जनों बसें बस स्टैंड में नहीं जाती बल्कि नगर के बेमेतरा तिराहे, पुराना बस स्टैंड जय स्तंभ चौक सहित सड़क के दोनों ओर यात्रियों को उतारने बैठाने के लिए कहीं भी खड़ा कर देते हैं। जिसकी वजह से दुर्घटनाएं होते रहती है। वहीं नगर में व्यवसायिक क्षेत्र तथा ब्लॉक एवं तहसील स्तरीय शासकीय कार्यालय का मुख्यालय तथा विद्याध्ययन हेतु निजी एवं शासकीय शैक्षणिक संस्थाएं स्थापित है जिसकी वजह से दो पहिया, चार पहिया, सहित भारी भरकम वाहनों का आवागमन लगातार होते रहता है।

### चूना मार्किंग, नोटिस और चेतावनी भी बेअसर

सड़क के दोनों ओर बाधित करने वाले रोजमर्रा का धंधा करने वाले गुमटी ठेला एवं सड़क किनारे खम्बे एवं पेड़ो के आड़ में धंधा करने वाले छोटे दुकानदारों जिसकी वजह से यातायात अव्यवस्था के साथ जाम एवं दुर्घटना की स्थिति हमेशा बनी रहती है को भी समझाईश देकर सीएमओ शशिभूषण भूषण श्रीवास्तव व थाना प्रभारी धीरेंद्र दुबे द्वारा चूना मार्किंग कर सड़क किनारे दुकान नहीं लगानें दुकानदारों को नोटिस थमा कर चेतावनी दिया गया था लेकिन एक सप्ताह बीतने के बाद भी हालात जस के तस हैं ।

**खबर संक्षेप**

## महंगाई आपदा साबित हो रही, राज्य सरकार डीजल पेट्रोल को वैट मुक्त करे



रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, आज देश की जनता पर महंगाई एक आपदा साबित हो रही है। पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने के कारण यात्री बस का किराया बढ़ गया, टैक्सी का किराया बढ़ गया। रोजमर्रा की वस्तुयें महंगी हो गयी हैं। मोदी सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश में महंगाई चरम पर पहुंच गयी है। राज्य सरकार पेट्रोल 27.02 प्रतिशत वैट की वसूली करती है। डीजल पर 28.8 प्रतिशत वैट वसूलती है। राज्य सरकार से मांग करते हैं कि राज्य में पेट्रोलियम पदार्थों को वैट से मुक्त करे, ताकि प्रदेश की जनता को पेट्रोल डीजल सस्ता मिल सके। न्होंने कहा, भाजपा सरकार के अडानी परस्त नीतियों से हसदेव अरण्य के घने जंगलों पर संकट उत्पन्न हो गया है।

## इंटीग्रेटेड योग शिविर में 200 साधकों ने लिया योग का लाभ



रायपुर। पतंजलि योग परिवार एवं ऐश्वर्या रेसीडेंसी एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को ऐश्वर्या रेसीडेंसी गार्डन, वीआईपी चौक में स्वामी रामदेव महाराज के प्रतिरूप स्वामी परमार्थदेव महाराज के सान्निध्य में एक दिवसीय इंटीग्रेटेड योग शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 200 योग साधकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर योग, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। शिविर में स्वामी परमार्थदेव महाराज ने योग को केवल शारीरिक व्यायाम न मानकर जीवन जीने की एक समग्र पद्धति बताया। कार्यक्रम में ऐश्वर्या रेसीडेंसी परिवार के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, जगदीश काकुल आदि शामिल थे।

## सतनामी समाज आज मनाएगा नरसिंह मंडल की पुण्यतिथि

रायपुर। छत्तीसगढ़ के सतनामी समाज के लौहपुरुष कहे जाने वाले



स्व. नरसिंह मंडल की 14वीं पुण्यतिथि मनाई जाएगी। यह कार्यक्रम न्यू राजेंद्र नगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में 7 जून को सुबह 9 बजे आरंभ होगी। अकादमी के अध्यक्ष केपी खण्डे, महासचिव डॉ. जेआर सोनी एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि इस अवसर पर न्यू राजेंद्र नगर स्थित सांस्कृतिक प्रांगण में स्थापित स्व. मंडलजी की आदमकद प्रतिमा पर प्रातः पुष्पांजलि अर्पित कर उनके समाजोत्थान व शहर विकास के अनुकरणीय कार्यों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी।

## माली की मृत्यु, जिम्मेदारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग



रायपुर। केस्ट ग्रीन सोसायटी के अध्यक्ष द्वारा सोसायटी के माली से लापरवाहीपूर्वक काम कराने जाने के समय विद्युत झटका लगने से मृत्यु हो गई है। ऐसी घटनाओं में जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और मुआवजे की मांग की जा रही है। पीड़ित पक्ष ने प्रेसवार्ता के जरिए बताया कि लगभग 6 माह तक घुमाने के बाद भी अध्यक्ष के खिलाफ मृतक के परिवार द्वारा शिकायत करने पर पुलिस थाना सरस्वती नगर ने परिजनों का बयान लिया और आज दिनांक तक एफआईआर दर्ज नहीं की जा रही है। अन्य पदाधिकारियों द्वारा मृतक के परिजनों को धमकी भी दी जा रही है। सोसायटी किसी भी रूप से पीड़ित परिवार को सहयोग नहीं कर रही है व अन्य पदाधिकारियों के विरुद्ध पुलिस प्रशासन को अपना काम करने दे रही है।

# सरकारी अस्पतालों में जांच मशीनों की सुविधा, पर टेक्निशियनों का टोटा, एकमात्र वजह- भर्ती नियम नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरकारी अस्पतालों में जांच मशीनें तो पर्याप्त संख्या में मौजूद हैं पर उसे चलाने के लिए टेक्निशियनों का टोटा बना हुआ है। सरकारी अस्पतालों में पैरामेडिकल कोर्स सात साल तक संचालित किया गया था, जिसमें करीब दस हजार टेक्निशियन तैयार हुए थे, जिसके बाद इसकी पढ़ाई बंद कर दी गई। भर्ती नियम नहीं होने की वजह से एक साल का कोर्स करने वाले ज्यादातर बेरोजगार रह गए। अब यह पाठ्यक्रम पुनः शुरू करने की तैयारी है।

सूत्रों के मुताबिक मेडिकल कालेज से संबंधित अस्पतालों में तकनीशियनों की भर्ती के लिए नियम और पद स्वीकृत नहीं है। जांच मशीनों को चलाने के लिए कुछ एक मशीनों को छोड़कर बाकी के लिए संविदा आधार पर व्यवस्था की गई है। ज्यादा कर्मचारी नहीं होने की वजह से जांच मशीनों का ज्यादा उपयोग नहीं हो पाता है और मरीजों को इसकी वजह से अनावश्यक इंतजार भी करना पड़ता है। सूत्रों का कहना है कि मशीनों का संचालन करने वाले जानकारों के अभाव की एकमात्र वजह उनके लिए भर्ती नियम और पद स्वीकृत नहीं होना है। आंबेडकर अस्पताल समेत अन्य विभिन्न शासकीय कालेजों में वर्ष 2003 पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स का संचालन शुरू कराया गया था। वर्ष 2010 तक करीब दस हजार टेक्निशियन तैयार हुए। इनके लिए रोजगार बड़ी समस्या थी जिसके बाद इस पाठ्यक्रम को भारी विरोध की वजह से बंद कर दिया गया। जानकारों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग आने वाले दिनों में राज्य के तमाम शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में पैरामेडिकल तकनीशियन कोर्स संचालित करने की तैयारी में हैं।

**सात साल तक चला था पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स, अब पुनः शुरू करने की तैयारी**

**ज्यादातर हो गए उम्रदराज**

आंबेडकर अस्पताल के ईएनटी विभाग आडियोलॉजी का कोर्स करने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि पढ़ाई करने के बाद उन्हें सरकारी अस्पतालों में नौकरी मिलने की आस थी मगर ऐसा नहीं हो पाया। कुछ सालों तक इंतजार के बाद उन्होंने जीवन यापन के लिए दूसरा काम करना स्वीकार किया। उस दौर में यह कोर्स करने वाले ज्यादातर लोग उम्रदराज हो चुके हैं।



**पहले भर्ती की व्यवस्था हो**

जानकारों का कहना है कि पहले पैरामेडिकल कोर्स उत्तीर्ण हुए ऑडियोलॉजी टेक्नीशियन सेवा भर्ती नियम बनाकर पद स्वीकृत किया जाए। सभी मेडिकल कॉलेज के नाक कान गला विभाग और जिला अस्पताल में फिर पैरामेडिकल कोर्स प्रारंभ किया जाए। इससे इस कोर्स को पूर्ण करने वालों को अस्पतालों में सेवा का मौका मिल सके।

### महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रतिवेदन के बाद भी कार्रवाई नहीं

# करीब 7 माह पहले छापा, 26 नाबालिग बच्चे रेस्क्यू, फैक्ट्री संचालक पर एफआईआर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कानून नाबालिग बच्चों से श्रम कराना अपराध की श्रेणी में आता है। इसके तहत अर्थदंड से लेकर जेल का भी प्रावधान है, लेकिन सिस्टम कहीं न कहीं तब बेबस हो जाता है, जहां अपराध करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करना तो दूर, अपराध दर्ज तक नहीं किया जाता। ऐसा ही मामला खरोरा थाना क्षेत्र का है, जहां करीब 7 महीने पहले मोजा मशरूम फैक्ट्री में महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने छापा मारा था। इस छापेमारी में मानवाधिकार आयोग दिल्ली से आए सदस्यों की टीम भी शामिल थी।

इस दौरान फैक्ट्री से लगभग 109 बच्चों को रेस्क्यू किया गया था, जिनमें 26 बच्चे नाबालिग मिले थे। इन सभी बच्चों को अच्छी इंकम का लालच देकर ओडिशा, असम, पश्चिम बंगाल, झारखंड, यूपी तथा एमपी से लाया गया था। इस मामले में महिला एवं बाल विकास विभाग ने प्रतिवेदन बनाया था, जिसमें फैक्ट्री के संचालक एवं ठेकेदार को दोषी पाते हुए उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए कहा था, लेकिन पुलिस ने इतने महीने गुजरने के बाद भी अब तक दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की है।



**छोटे कमरे में 15 बच्चों को ठूंस-ठूंस कर कराया जा रहा था काम**

महिला एवं बाल विकास विभाग की जांच रिपोर्ट में यह उल्लेख है कि मोजा मशरूम फैक्ट्री में 26 नाबालिग बच्चों में 14 लड़के एवं 12 लड़कियां शामिल थीं। इस रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि फैक्ट्री में छोटे-छोटे कमरे बने हुए हैं, जहां 15-15 बच्चों से ठूंस-ठूंस कर काम लिया जा रहा था। इस जांच में एक-दो बालिग लड़कियों ने विभागीय अधिकारियों को फैक्ट्री के ठेकेदार पर छेड़छाड़ एवं अभद्र व्यवहार किए जाने का भी आरोप लगाया था। हालांकि जांच प्रतिवेदन में इसका उल्लेख है कि नहीं, इस संबंध में जानकारी सामने नहीं आई है।

**पुलिस जांच जारी बता रही**

जांच के आधार पर फैक्ट्री संचालक एवं ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर कराने के लिए थाने में प्रतिवेदन दे चुके हैं। इसके लिए 8 से 10 बार थाने भी गए हैं, लेकिन पुलिस सिर्फ जांच जारी होने की बात कहकर एफआईआर नहीं कर रही है।

- संजय निराला, संरक्षण अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग, रायपुर

**अर्थदंड एवं जेल का प्रावधान**

जांच के दौरान नाबालिग बच्चों से काम कराना पाया था। ऐसे अपराध के लिए अधिकतम 50 हजार रुपए तक का अर्थदंड एवं जेल का प्रावधान है। फैक्ट्री में दोबारा इस तरह का मामला मिला है। इसमें सजा का प्रावधान ज्यादा है।

- **देवेंद्र देवांगन**, जिला अधिकारी, श्रम विभाग, रायपुर

**एफआईआर करने से बच रही पुलिस, 7 माह में जांच पूरी नहीं**

जिस छापेमारी में महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, पुलिस, यहां तक की मानवाधिकार आयोग की केंद्रीय टीम भी मौजूद थी, उसकी जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस द्वारा मामले में एफआईआर नहीं किया जाना समझ से परे है। हालांकि पुलिस का अभी भी यही कहना है कि इस मामले में जांच जारी है। जांच पूरी होने के बाद ही एफआईआर की जाएगी। विभाग के अनुसार इस फैक्ट्री से पूर्व में भी जांच कर बच्चों को रेस्क्यू किया गया था। उस समय भी इस मामले में संचालक-ठेकेदार पर कोई कार्रवाई नहीं हुई थी।

## कैट ने खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण के नियमों में बड़े सुधार और लाइसेंस को आजीवन वैध बनाने मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कैट ने खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के अंतर्गत लागू कुछ नियमों में व्यहारिक सुधार करने और लाइसेंस को आजीवन वैध बनाने की मांग की है। इस संबंध में राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंहदेव और कैट के प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि

कुछ नियमों में व्यावहारिक सुधार एवं सरलीकरण की जरूरत है। इसके लिए केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री चिराग पासवान को सुझाव पत्र भेजा गया है।



- राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को भेजे सुझाव

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने अपने पत्र में कहा है कि खाद्य सुरक्षा के मानकों को बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, पर वर्तमान में लागू कुछ प्रक्रियाओं के कारण विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम व्यापारियों को अनावश्यक प्रशासनिक, वित्तीय एवं समयगत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यदि इन नियमों को व्यापार-अनुकूल एवं व्यावहारिक बनाया जाए तो इससे व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी। कैट ने अपने सुझाव पत्र में मांग की है कि पंजीकरण एवं लाइसेंस के लिए बार-बार नवीनीकरण की अनिवार्यता समाप्त कर उसे आजीवन वैधता प्रदान की जाए। संगठन का कहना है कि जब तक व्यवसाय के स्वामित्व, पते, साझेदारी संरचना अथवा व्यवसाय की प्रकृति में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं होता, तब तक नवीनीकरण की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। कैट का मानना है कि इस व्यवस्था से विभागीय कार्यभार कम होगा, डिजिटल अनुपालन प्रक्रिया सरल होगी तथा छोटे व्यापारियों को अनावश्यक खर्च एवं जटिलताओं से राहत मिलेगी। देश में बड़ी संख्या में ऐसे व्यापारी हैं जो केवल सीलबंद, पैकेटबंद एवं ब्रांडेड खाद्य उत्पादों, अनाज, दालों एवं अन्य पूर्व-निर्मित खाद्य सामग्री का विक्रय करते हैं, ऐसे व्यापारी स्वयं खाद्य निर्माण, प्रसंस्करण या पकाने का कार्य नहीं करते। इसलिए इन व्यापारियों को फोस्टेक प्रशिक्षण की अनिवार्यता से छूट दी जानी चाहिए अथवा उनके लिए अलग एवं सरल अनुपालन व्यवस्था बनाई जानी चाहिए।

## श्रम सम्मान राशि में रोक से अनियमित कर्मचारी नाराज

**फेडरेशन ने अघोषित रूप से योजना को बंद करने का लगाया आरोप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील अनियमित कर्मचारी फेडरेशन ने राज्य सरकार पर श्रम सम्मान राशि योजना को अघोषित रूप से बंद करने का आरोप लगाया है। फेडरेशन के अनुसार वित्त विभाग के वित्त निर्देश के तहत 1 अगस्त 2023 से श्रम विभाग द्वारा निर्धारित दरों पर दैनिक, मासिक वेतन प्राप्त करने वाले अकुशल, अर्ध कुशल, कुशल और उच्च कुशल श्रेणी के कर्मचारियों को प्रतिमाह 4 हजार रुपए श्रम सम्मान राशि प्रदान करने का निर्णय लिया गया था। यह निर्णय 1 अगस्त 2023 से प्रभावशील किया गया,जिससे प्रदेश के 35 हजार से अधिक अनियमित कर्मचारी लाभान्वित हो रहे थे। पर 5 जून 2026 को वरिष्ठ कोषालय



- आंदोलन की दी चेतावनी

अधिकारी द्वारा जारी पत्र में बिना नियुक्ति आदेश के श्रम सम्मान राशि के देयकों को कोषालय में प्रस्तुत नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं। इस आदेश के चलते अनेक विभागों में कार्यरत कर्मचारियों को सम्मान निधि से वंचित होने की स्थिति निर्मित हो गई है।

फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल प्रसाद साहू ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा है कि राज्य सरकार ने बिना किसी स्पष्ट नीति घोषणा किए श्रम सम्मान राशि योजना को अघोषित रूप से समाप्त करने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। इससे प्रदेश भर के अनियमित कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। फेडरेशन का आरोप है कि जिन कर्मचारियों के लिए यह योजना बनाई गई, उन्हें अब तकनीकि कारणों का हवाला देकर लाभ से वंचित किया जा रहा है। एक तरफ जहां महंगाई लगातार बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर अनियमि कर्मचारियों के वेतन और भत्तों में अपेक्षित वृद्धि नहीं हो रही है ऐसे समय में श्रम सम्मान राशि पर रोक लगाना कर्मचारियों के हितों के विपरीत है।



## अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ इकाई की प्रबंध कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ इकाई की प्रबंध कार्यकारिणी की शनिवार को घोषणा की गई। महामंत्री कर्त्तव्य अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रभारी ईश्वर प्रसाद अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष राम अवतार अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हनुमान प्रसाद अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, राष्ट्रीय उपमहामंत्री प्रमोद जैन, पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल, पूर्व महामंत्री मुरली अग्रवाल की उपस्थिति में प्रबंध कार्यकारिणी की घोषणा की गई।

- 15 जून तक प्रदेश कार्यकारिणी, जिला इकाई, महिला इकाई होगी घोषित

प्रबंध कार्यकारिणी में प्रभारी ईश्वर प्रसाद अग्रवाल, अध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल बिलासपुर, महामंत्री कर्तव्य अग्रवाल रायपुर, महेश अग्रवाल बिलासपुर, कोषाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल-दुर्ग,वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, आनंद बेरीवाल रायगढ़,वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद सिंघानिया, उप-महामंत्री राजीव अग्रवाल दिनेश सिंघल, विकाश अग्रवाल, युवा अध्यक्ष अमर सुल्तानिया, युवा महामंत्री नितेश अग्रवाल शामिल किए गए हैं।

प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक में निर्णय लिया कि 15 जून तक पूरे प्रदेश की कार्यकारिणी, जिला इकाई, महिला इकाई, युवा इकाई घोषित कर दिए जायेंगे। 5 जुलाई को राजधानी के समता कालोनी स्थित मैक ऑडिटोरियम में में प्रथम कार्यकारिणी बैठक एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित होगा।

## ऑटो, ई-रिक्शा का डिजिटल रजिस्ट्रेशन कराने वाला रायपुर देश का पहला शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में ट्रैफिक मैनेजमेंट ठीक करने पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस ने 20 मई से 5 जून तक अभियान चलाकर ऑटो तथा ई-रिक्शा का डिजिटल रजिस्टेशन करने का कार्य किया। अंतिम दिन शनिवार तक राजधानी के अलग-अलग क्षेत्रों से 15 हजार ई-रिक्शा तथा ऑटो मालिकों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर पंजीयन की अवधि सात दिनों के लिए और बढ़ा दी है। उल्लेखनीय है कि ऑटो तथा ई-रिक्शा का डिजिटल रजिस्ट्रेशन करने वाला रायपुर देश का पहला शहर बन गया है। ऑटो, ई-रिक्शा के मालिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने उन्हें अपनी गाड़ियों की पंजीयन कराने अभियान शुरू होने के साथ ही क्यूआर कोड जारी किया है। क्यूआर कोड के माध्यम से गाड़ी मालिक घर बैठे अपने ऑटो और ई-रिक्शा का पंजीयन करा सकते हैं। अभियान की खासियत यह रही कि इसमें वाहन चालकों को न तो किसी कार्यालय में लाइन लगानी पड़ी, न ही किसी प्रकार का शुल्क देना पड़ा और न ही उन्हें किसी प्रकार की प्रशासनिक असुविधा का सामना करना पड़ा। डिजिटल माध्यम से निर्धारित समयावधि के भीतर पंजीयन कार्य सफलतापूर्वक कराया गया। अब तक पंजीयन किए गये ऑटो, ई-रिक्शा चालकों के ऑनलाईन भरे गये फार्म को पुलिस कमिश्नर द्वारा एक साथ सभी को एक क्लिक में अप्रूवल किया गया।

- राजधानी में 20 मई से 5 जून तक 15 हजार गाड़ियों का पंजीयन



**अगले चरण में क्यूआर कोड लगाए जाएंगे**

पंजीयन हो चुके ऑटो ई रिक्शा में अगले चरण में क्यूआर कोड लगाया जाएगा। वाहन में लगे क्यूआर कोड को स्कैन करने पर नागरिकों को उस वाहन के मालिक चालक की समस्त जानकारी उपलब्ध हो जाएगी। ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से अपील की है कि आटो, ई-रिक्शा में आने-जाने वाले उन्हीं ऑटो, ई-रिक्शा में सवारी करें, जिनमें क्यूआर कोड हो। जिस ऑटो में क्यूआर कोड होगा, उस कोड को स्कैन करने पर सवारी को ऑटो चालक के बारे में डिटेल जानकारी मिल जाएगी।

**महिला यात्रियों के लिए राहत**

क्यूआर कोड से ऑटो मालिक उसके ड्राइवर के बारे में पूरी जानकारी मिलने से महिला यात्रियों को सबसे ज्यादा राहत मिलेगी। रात के समय अकेली ऑटो, ई-रिक्शा में आने-जाने के समय महिला यात्री क्यूआर कोड के माध्यम से ड्राइवर, मालिक तथा ऑटो की पूरी जानकारी हासिल कर अपने साथ रख सकती है। किसी भी प्रकार की अनहोनी होने अथवा ऑटो, ई-रिक्शा में सामान भूलने पर स्कैन की गई जानकारी के माध्यम से पुलिस से सीधे मदद मांग सकती है। सभी ऑटो तथा ई-रिक्शा के चालक तथा मालिकों की कुंडली पुलिस के साथ ट्रैफिक पुलिस एक क्लिक पर देख सकती है।

**योग आयोग के अध्यक्ष सिन्हा की श्रद्धांजलि सभा में जुटे भाजपा नेता व आरएसएस पदाधिकारी**

# योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने किए थे कई बेहतरीन नवाचार : साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) रूपनारायण सिन्हा के निधन पर उनके सम्मान एवं पुण्यस्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में शनिवार को किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम में पहुंचकर स्व. सिन्हा के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। श्री साय ने कहा कि जनवरी 2025 में योग आयोग के अध्यक्ष का पद संभालने के बाद सिन्हाजी ने योग को केवल स्वास्थ्य का माध्यम ही नहीं, बल्कि लोगों की जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिए कई बेहतरीन नवाचार किए थे। उन्हें एक बेहद सरल, सौम्य, अनुशासित और मृदुभाषी कुशल संगठनकर्ता के रूप में याद किया गया, जिन्होंने समाज के हर वर्ग में अपनी एक विशेष पहचान बनाई थी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर, क्षेत्रीय संघ संचालक डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना समेत अन्य विशिष्टजनों ने श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, सदस्यों, कार्यकर्ताओं, छत्तीसगढ़ आयोग योग से जुड़े समस्त योग प्रशिक्षकों एवं नागरिकों ने श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन मूल संगठन एवं अनुषांगिक संगठन परिवार के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। योग आयोग की तरफ से गौरव देवांगन ने स्व. सिन्हा के व्यक्तित्व, कृतित्व एवं समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान का स्मरण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

- योग आयोग के अध्यक्ष दिवंगत रूपनारायण सिन्हा की श्रद्धांजलि सभा



**राजनीतिक-सार्वजनिक जीवन में महत्वपूर्ण योगदान : सक्सेना**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय संघचालक डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना ने कहा कि राजनीतिक एवं सार्वजनिक जीवन में भी उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। वे 2003-2005 भाजपा बस्तर संभाग संगठन मंत्री रहे, छत्तीसगढ़ प्रांत के 90 विधानसभा के विस्तारक योजना के सहसंयोजक रहे, 2024 लोकसभा चुनाव छत्तीसगढ़ में 5 लोकसभा में विशेष प्रभार रहा, 2024 से वर्तमान में छत्तीसगढ़ प्रांत समन्वयक एवं सहयोग केंद्र प्रमुख रहे एवं वर्ष 2025 जनवरी से वर्तमान में अध्यक्ष छत्तीसगढ़ योग आयोग (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) पद का महत्वपूर्ण दायित्व निभा रहे थे।

## उर्स पर नहीं चलेगा डीजे, बैंड बाजा, धुमाल और आतिशबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड प्रदेश में होने वाले उर्स को लेकर भी गंभीर है। इसके लिए फरमान जारी किया गया है कि उर्स के मौके पर होने वाले कार्यक्रमों में किसी भी तरह से डीजे, बैड बाजा, धुमाल और आतिशबाजी नहीं चलेगी। ऐसा करने पर एक्शन लिया जाएगा।



ऐसा ही एक एक्शन कवर्धा के थान खम्हरिया में उर्स के दौरान लिया गया। यहां पर डीजे बजाने की शिकायत पर खुद वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने वहां जाकर देखा और डीजे को जब्त करवाया। इसी के साथ एफआईआर भी की गई। प्रदेश में होने वाले उर्स के आयोजन में मनमर्जी से कोई डीजे चलाता है, तो कोई बैंडबाजा, तो कोई धुमाल वालों को बुलाता है। इसी के साथ आतिशबाजी भी की जाती है। वक्फ बोर्ड ने इस सब पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाकर आदेश जारी किया है कि किसी भी उर्स के मौके पर ऐसा नहीं होना चाहिए। उर्स के सभी कार्यक्रमों को कुरान और हदीस की शिक्षाओं, शरीयत के मुताबिक ही आयोजित करने के लिए कहा गया है। ऐसा न करने वाले आयोजकों पर एक्शन लिया जाएगा।

# शहर की सड़कों पर कल से दौड़ेंगी 18 से 20 सीटर मिनी बस, 45 दिन का ट्रायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी की सड़कों पर 8 जून से 18 से 20 सीटर मिनी बसें फर्राटे भरेंगी, आम जनता को सार्वजनिक परिवहन की सुविधा देने पॉयलट प्रोजेक्ट के रूप में 8 मिनी बसें संचालित होंगी। इन मिनी बसों का संचालन सीईईडब्लू एनजीओ के द्वारा किया जाएगा, इसमें 45 दिन का ट्रायल रहेगा। रिस्पांस अच्छा मिलने पर प्रदेश के दूसरे शहरों में भी इसका विस्तार किया जा सकता है।

■ पब्लिक ट्रांसपोर्ट को मिलेगा बढ़ावा

## सीईईडब्लू एनजीओ करेगी संचालन, पॉयलट प्रोजेक्ट

### इन रूटों पर चलेंगी मिनी बसें



17 से 20 सीटर क्षमता वाली मिनी बसें नगर निगम द्वारा सुझाए गए दो रूटों पर प्रयोग बतौर संचालित होंगी। इनमें से 4 बसें टाटीबंध और शास्त्री चौक होते हुए रेलवे स्टेशन तक जाएगी। इसी तरह दूसरे रूट में चार मिनी बसें रेलवे स्टेशन से पचपेड़ी नाका होते हुए भाठागांव स्थित नए बस स्टैंड तक यात्रियों को हर 15 से 20 मिनट में उपलब्ध कराने की योजना है। सूत्रों के मुताबिक सुबह 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक नई मिनी बसें संचालित होंगी। छत्तीसगढ़ राजपत्र के अनुसार बस किराया तय रहेगा।

### दो रूट पर 8 मिनी बसों का संचालन

रायपुर में हमारी संस्था शुरुआत में 8 मिनी बसों का संचालन करेगी। यह 45दिन के पॉयलट प्रोजेक्ट के रूप में रहेगा। इसके बाद संचालन, वित्तीय व्यवहार्यता, यात्रियों की आवश्यकता, व संभावनाओं का आकलन कर किया जाएगा। पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने परिवहन सचिव से मुलाकात कर स्पेशल परमिट के लिए आग्रह किया था, जिसमें उनका अच्छा सहयोग मिला। शहरी सरकार को हम रिपोर्ट बनाकर देंगे।

*- अनन्या झा, रिसर्च एनॉलिस्ट, सीईईडब्लू एनजीओ*

राजधानी वासियों को सुगम आवागमन के लिए सार्वजनिक परिवहन सेवा का नया विकल्प मिलने वाला है। शहर में 8 माइक्रो यानी 18 से 20 सीटर मिनी बसें चलाई जाएंगी। ये बसें टाटीबंध, रेल्वे स्टेशन, पचपेड़ीनाका और भाठागांव के आईएसबीटी जैसे क्षेत्रों में संचालित होंगी। दिल्ली की संस्था सीईईडब्लू द्वारा इन बसों का संचालन किया जाएगा। सकरी व कम यात्री संख्या वाले मार्गों पर भी सार्वजनिक परिवहन की पहुंच बढ़ाने का प्रयास रहेगा। खासकर के छात्रों, नौकरीपेशा कर्मचारियों, मजदूरों और कम आय वर्ग के यात्रियों को किफायती एसी बस सेवा का लाभ इससे मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, एक घायल

**महासमुंद।** एनएच 353 सुवरमाल मोड़ के पास एक बाइक को पिकअप ने टक्कर मार दिया, जिससे बाइक में सवार एक व्यक्ति घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट पर कोमाखान थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को खेलसिंग निषाद पिता स्व बृजलाल निषाद (29 साल) ग्राम देवरी ने बताया कि वह अपनी बुआ के दशगात्र कार्यक्रम के लिए सामान लेने अपने जीजा राजकुमार निषाद के साथ बाइक से कोमाखान गया थ। सामान लेकर वापस घर जाते समय एनएच 353 रोड सुवरमाल मोड़ क्रास कर अपने साइड में जा रहे थे, तभी सामने से आ रहे पिकअप वाहन क्र. सीजी 04 एनबी 9944 के चालक ने अपने वाहन को तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे पीछे बैठे जीजा राजकुमार निषाद के सिर, कमर एवं पैर में चोट लगी है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 281,125(ए) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### छह बोर में लगे केबल वायर चोरी

महासमुंद। ग्राम कोल्दा खार में एक किसान के खेत में छह बोर के केबल वायर चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध खल्लारी थाने में जुर्म दर्ज का गया है। पुलिस को हितेश कुमार साहू निवासी ग्राम कोमा ने बताया कि ग्राम कोल्दा खार में उसकी स्वयं की ढाई एकड़ खेती जमीन है, जिसमें 07 बोर है। इसके अलावा वह अपने खेत के साथ करीबन 10 एकड़ आसपास खेत को रेगहा में लेकर खेती करता है। उसने बताया कि 3 जून की रात 8 बजे से चार जून को छह बज 06.00 बजे के मध्य उसके खेत के 06 बोर के सबमनर्सिबल पंप में लगे केबल वायर करीबन 200 फीट को कोई अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। इसके अलावा उक्त घटना दिनांक को ही ग्राम कोल्दा खार के किसान हुमेलाल साहू ग्राम कोल्दा के खेत में लगे 02 बोर के सबमर्सिबल पंप में लगे केबल वायर करीबन 130 फीट, हेमलाल साहू ग्राम कोल्दा के खेत में लगे 01 बोर के सबमर्सिबल पंप में लगे केबल वायर करीबन 20 फीट, फलराम साहू ग्राम कोल्दा के खेत में लगे 01 बोर के सबमर्सिबल पंप में लगे केबल वायर करीबन 50 फीट एवं ग्राम कोमा खार में ग्राम कोमा के किसान महेंद्र चंद्राकर ग्राम कोमा के खेत में लगे 02 बोर के सबमर्सिबल पंप में लगे केबल वायर करीबन 90 फीट, मनोज कौशिक ग्राम कोमा के खेत में लगे 02 बोर के सबमर्सिबल पंप में लगे केबल वायर करीबन 80 फीट, मनोज चंद्राकर ग्राम कोमा के खेत में लगे 01 बोर के सबमर्सिबल पंप में लगे केबल वायर करीबन 30 फीट, इंद्रकुमार चंद्राकर ग्राम कोमा के खेत में लगे 01 बोर के सबमर्सिबल पंप में लगे केबल वायर करीबन 40 फीट, थानेश चक्रधारी ग्राम कोमा के खेत में लगे 01 बोर के सबमर्सिबल पंप में लगे केबल वायर करीबन 40 फीट पुरानी इस्तेमाली सबमर्सिबल पंप में लगे करीबन कुल 680 फीट केबल वायर कीमत करीबन 30,600 रुपए को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया।

## पूर्व विस अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने बलौदाबाजार छात्रावास के लिए की 20 लाख की घोषणा

# परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज के वार्षिक अधिवेशन में प्रतिभावान छात्र सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मुंडा





ग्राम पंचायत जामडीह के महामाया परिसर में छत्तीसगढ़ परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज लवन राज का वार्षिक अधिवेशन प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज लवन राज के तत्वावधान में वार्षिक अधिवेशन एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं की सम्मान कार्यक्रम में शिक्षा स्वास्थ्य प्रशासन तकनीकी पौधारोपण जैसे क्षेत्र के उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज के प्रतिभावान व्यक्तियों का सम्मान किया गया। समाज के पदाधिकारी व कर्मचारी समाज के लोगों में व्यापक उत्साह रहा। वहीं मुख्य अतिथि के नहीं आने की खबर होने से लोगों में नाराजगी देखी गई।

■ विधायक संदीप साहू ने 14 लाख की सौगात देते हुए प्रतिभावान छात्रों का किया सम्मान

मुख्य अतिथि मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की अनुपस्थिति में अति विशिष्ट अतिथि गौरीशंकर अग्रवाल पूर्व विधानसभा अध्यक्ष द्वारा संबोधित किया गया, जिसमें तेज गति से बच्चों में हो रहे नशे के आदि से बचना ही पहली प्राथमिकता देनी होगी, ताकि नशे से बचने में ही लोगों की भलाई है कहते हुए समाज द्वारा बलौदाबाजार छात्रावास के लिए 30 लाख की मांग की गई, जिसे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरी शंकर अग्रवाल ने 20 लाख देने की घोषणा की।

अति विशिष्ट अतिथि कसडोल विधानसभा के विधायक संदीप साहू द्वारा जामडीह महामाया परिसर के लिए 7 लाख रुपए और लवन भवन आहाता निर्माण के लिए 7 लाख रुपए देने की घोषणा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज लवन राज के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार वर्मा ने किया।

### ये रहे उपस्थित

समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में सनम जांगड़े प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा एवं पूर्व विधायक बिलाईगढ़, आनंद यादव अध्यक्ष भाजपा जिला बलौदाबाजार, आकांक्षा गोलू जायसवाल अध्यक्ष जिला पंचायत बलौदाबाजार भाटापारा, पवन साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत बलौदाबाजार भाटापारा, सुलोचना यादव अध्यक्ष जनपद पंचायत बलौदाबाजार, सुमन योगेश वर्मा उपाध्यक्ष जिला पंचायत बलौदाबाजार, रामावतार वर्मा पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज लवन राज, विजय यादव महामंत्री भाजपा जिला बलौदाबाजार, रामलाल कुर्रे अध्यक्ष भाजपा मंडल लाहौद, अनुपम बाजपेई अध्यक्ष भाजपा मंडल लवन, शिवमंगल सिंह चौहान अध्यक्ष नगर पंचायत लवन, शिव वर्मा जनपद सदस्य अध्यक्ष किसान मोर्चा भाजपा मंडल लवन, गजेंद्री वर्मा सदस्य जनपद पंचायत बलौदाबाजार, होरेलाल वर्मा सरपंच जामडीह, भानु प्रताप वर्मा लंबरदार जामडीह, डॉक्टर छबिलाल वर्मा वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, पुनीत वर्मा नीज सचिव, सामान्य प्रशासन शिक्षा विभाग डॉक्टर नीरज वर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर सुश्री करुणा वर्मा वैज्ञानिक अधिकारी, कुमुदिनी वर्मा नर्सिंग ऑफिसर बलौदाबाजार, सुभद्रा वर्मा नर्सिंग ऑफिसर बिलासपुर, उर्वशी वर्मा नर्सिंग ऑफिसर रायपुर, रमेश कुमार वर्मा टेक्नीशियन डिस्ट्रीब्यूटर विद्युत विभाग बलौदाबाजार, केमल वर्मा टेक्नीशियन डिस्ट्रीब्यूटर विद्युत विभाग रायपुर, कृपाराम वर्मा पटवारी राजस्व विभाग मुंडा, राहुल वर्मा पटवारी राजस्व विभाग, होंगे इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज लवन राज के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष लहा राम वर्मा, संरक्षक गिरवर प्रसाद वर्मा, सचिव जीवराखन वर्मा, कोषाध्यक्ष हलधर प्रसाद वर्मा, सह सचिव रामकृपाल वर्मा, लोकपाल परसराम वर्मा, धरम वर्मा, देव प्रसाद वर्मा, परमानंद वर्मा, ऑडिटर पापू राम वर्मा, यावत वर्मा सलाहकार, अवध राम वर्मा, सरोज वर्मा, ताराचंद वर्मा, समाज के मीडिया प्रभारी सुमेर राम वर्मा, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष केशव प्रसाद, पूरेंद्र वर्मा, रूद्र शंकर भगवानी, अखिलेश कमलेश वर्मा, महेंद्र कश्यप, सुरेश वर्मा, चंद्र भूषण, गजेंद्र वर्मा, ग्राम प्रमुख राजू वर्मा, नंदू वर्मा, भोला राम, अशोक वर्मा, दिलीप वर्मा, रवि शंकर, टेकराम, पूलस वर्मा, प्रभु राम, प्रभु दयाल, गोविंद, ओम प्रकाश वर्मा सहित कर्मचारी संघ छात्र-छात्राएं समाज के लोग भारी संख्या में सम्मिलित रहे।

### दुकान का शटर तोड़कर चोरी के आरोप में 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

मंडी रोड बलौदाबाजार स्थित एक दुकान में चोरी करने वाले दो आरोपियों को चंद घंटों के भीतर गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है।





जानकारी के अनुसार प्रार्थी किशन दयालानी निवासी राधा विहार कॉलोनी बलौदाबाजार ने थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 4 जून को वह अपनी दुकान में ताला लगाकर घर गया था। रात्रि करीब 03:30 बजे मोबाइल पर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज देखने पर पता चला कि, किसी अज्ञात चोर द्वारा दुकान के शटर के साइड की पट्टी को उखाड़ दिया गया है। प्रार्थी ने तुरंत दुकान पहुंचकर देखा तो अंदर गल्ले व डिब्बे में रखे करीब 11,000 नगद और बिक्री के लिए रखे सिगरेट के करीब 100 पैकेट (जुमला कीमती 16,000 रुपये) गायब थे। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में धारा 331(4),305,3(5) बी.एन.एस. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

■ दुकान से सिगरेट पैकेट, नगदी रकम और अन्य सामान किया पार

मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ओ.पी. शर्मा द्वारा आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी हेतु कड़े निर्देश दिए गए। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस टीम द्वारा तत्काल तस्दीक व विवेचना की कार्रवाई शुरू की गई। मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से बलौदाबाजार बस स्टैंड के पास संदेही दुर्गेश मानिकपुरी को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी भूपेन्द्र बंजारे के साथ मिलकर उक्त दुकान का शटर तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों को 6 जून को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

इस त्वरित और सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली एवं उनकी पुलिस टीम की महत्वपूर्ण व

## अशोक धीवर का इंदौर में हुआ सम्मान...




**खरोरा।** बहुमुखी प्रतिभा के धनी अशोक धीवर जलक्षत्री को इंदौर मध्यप्रदेश में आयोजित समारोह इम्पैक्ट इंडिया सम्मिट 2026 में श्रेष्ठ एन जी यो सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देश के प्रख्यात पद्मश्री से सम्मानित व्यक्ति सुशील दोषी तथा इम्पैक्ट इंडिया सम्मिट के संस्थापिका ज्योति कुमारी के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि रायपुर के ग्राम- तुलसी के निवासी धीवर जी पेशे से पेंटर, मूर्तिकार एवं साहित्यकार हैं। जो कि छः वर्ष पूर्व एक एक्सीडेंट में उसका पैर चोटिल हो गया था। घुटने से आंशिक अपाहिज के रूप में बिस्तर पर लेटे लेटे सोचता कि किसी भी एक्सीडेंट में लोग प्रायः मर जाया करते हैं।

# माठ में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा



ग्राम पंचायत माठ में ग्रामीण विकास जनकल्याण समिति समिति द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एस अंशु धुरंधर व विशिष्ट अतिथि दुलारी सुरेंद्र वर्मा, नरोत्तम शर्मा, महंत टकसाल साहेब थे। मुख्य अतिथि धुरंधर ने कहा पर्यावरण हमारे जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। पर्यावरण के बिना हमारे जीवन अधूरा है। एक पौधा से वायु ऑक्सीजन बहुत बड़ा महत्व है। वहीं विशिष्ट अतिथि दुलारी सुरेंद्र वर्मा ने कहा पर्यावरण हमारे जीवन का बहुत बड़ा महत्व पेड़ से ही हमें फल फूल प्राप्त होता है। पेड़ से हमें ऑक्सीजन मिलती है, जिसे हम जीवित रह सकते हैं महंत टकसाल दास साहब ने कहा पर्यावरण पेड़ लगाकर हमारे गांव को हरा भरा बनाया जा सकता है। जब हरियाली आएगी तो गांव का वातावरण शुद्ध और गर्म तापमान को कम कर देगा। समिति के अध्यक्ष गोवर्धन पाल ने कहा की जनहित कार्य के लिए हमारा समिति काम करते रहेगी, जिस प्रकार जनपद सदस्य हमारे समिति के मांगों आश्वासन देते हुए हल करने की बात कहीं। ऐसे ही जनहित कार्य के लिए जनप्रतिनिधियों से मिलकर काम किया जाएगा। गांव को बेहतर बनाया जाएगा जिसमें समिति के सदस्यगण पूजा पाल, आराधना पाल, केवरा पाल, बिंदा वर्मा, धनेश्वरी वर्मा, अंजली यादव, गीता घोगरे, इंद्राणी पाल, समस्त सदस्य गण उपस्थित रहे।

## पेज 7 के शेष

### जमानत पर छूटते ही...

आरोपियों के विरुद्ध धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक इस्तगासा तैयार कर कार्रवाई की गई। मामले में तत्परता बरतते हुए पुलिस ने कुल 09 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा इनके पास से घटना में प्रयुक्त वाहनों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत भी कार्यवाही की गई है। पुलिस अधीक्षक ओ.पी. शर्मा ने स्पष्ट संदेश दिया है कि जिले में किसी भी प्रकार की गुंडागर्दी, हुड़दंग या सोशल मीडिया के माध्यम से हथियारों या अपराध का प्रदर्शन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे तत्वों के खिलाफ यह कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

### अनियमितता मिलने पर...

विक्रय केंद्र में स्टॉक रजिस्टर एवं बिल बुक का उचित संधारण नहीं पाया गया। स्कंध एवं मूल्य सूची का प्रदर्शन अद्यतन नहीं किया गया था। इस कारण विक्रय केंद्र को सील करते हुए उर्वरक विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है।साथ ही विक्रय केंद्र को कारण बताओं नोटिस भी जारी किया गया है। विकासखंड बलौदाबाजार के उर्वरक निरीक्षक लोकनाथ दीवान द्वारा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सरखोर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण पश्चात सहकारी समिति को शासन के नियमानुसार ही संतुलित उर्वरक का विक्रय करने हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही कृषकों को नैनो यूरिया नैनो एवं नैनो डीएपी के उपयोग हेतु समझाइस देते हुए कृषक के सहमति पश्चात नैनो उर्वरक विक्रय करने हेतु निर्देशित किया गया है।

### आग से किसान ...

सेवा ट्रस्ट के संयोजक नीरज परगनिहा ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए तुरंत सक्रियता दिखाई। उनके साथ राहुल वर्मा ने तत्काल निकट स्थित अदानी अंबुजा प्लांट प्रबंधन को फोन कर फायर ब्रिगेड भेजने की मांग की। सूचना मिलते ही प्रबंधन ने बिना देर किए फायर ब्रिगेड वाहन मौके के लिए रवाना किया। दमकल कर्मियों ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता तो आसपास के घर भी इसकी चपेट में आ सकते थे और बड़ा नुकसान हो सकता था। ग्रामीणों ने नीरज परगनिहा, राहुल वर्मा एवं अंबुजा प्रबंधन की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सक्रियता के कारण एक बड़ी दुर्घटना टल गई। आगजनी की इस घटना में खिलावन वर्मा को भारी आर्थिक क्षति हुई है। कोठा में रखा मवेशियों का चारा, पैरा तथा अन्य जरूरी सामान जल गया। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है ताकि हुए नुकसान की भरपाई हो सके। घटना के दौरान गांव के कई लोगों ने आग बुझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उपसरपंच दुलेश्वर वर्मा, प्रदीप वर्मा, खिलेश वर्मा, मोनू यादव, हेमकुमार बघेल एवं कुशल वर्मा सहित अन्य ग्रामीण लगातार मौके पर डटे रहे और दमकल टीम का सहयोग करते रहे। ग्रामीणों की एकजुटता और सूझबूझ से स्थिति को नियंत्रण में लाने में सफलता मिली। विश्व पर्यावरण दिवस के ठीक एक दिन बाद हुई यह आगजनी की घटना पर्यावरणीय चुनौतियों और बढ़ती गर्मी की भयावह स्थिति को भी उजागर करती है। लगातार बढ़ते तापमान और सूखे हालात के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में आग लगने की घटनाएं चिंता का विषय बनती जा रही हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से गांवों में अग्निशमन संसाधनों की बेहतर व्यवस्था और जागरूकता अभियान चलाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से समय रहते निपटा जा सके।

### सोलर पावर प्लांट...

के कर्मचारियों ने एक आरोपी संतोष विश्वकर्मा (देवार) को रंगे हाथों दबोच लिया था, जबकि उसका साथी 'बबलू' मौके से भागने में सफल रहा था। पकड़े गए पहले आरोपी के मेमोरेंडम के आधार पर पुलिस ने केबल काटने में प्रयुक्त हथियार (हेक्सा ब्लेड फ्रेम, टांगी) और वायर बरामद कर उसे पहले ही जेल भेज दिया था। पुलिस ने इस मामले में धारा 303(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

## गंदगी मिली, थाली एक्सप्रेस, मधुशाला बार आईसीएच पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर




नगर निगम जोन 5 के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शनिवार को स्वच्छता से संबंधित जन शिकायत को संज्ञान में लेते हुए हॉटल भोजनालयों में स्वच्छता की जांच की। इस दौरान जन शिकायत सही पाए जाने पर गोल चौक क्षेत्र के थाली एक्सप्रेस हॉटल पर 3 हजार रुपए, मधुशाला बार में 3 हजार रुपए और कुशालपुर चौक स्थित इंडियन काफी हाउस में सफाई को लेकर की गई शिकायत सही पाए जाने पर 2 हजार रुपए जुर्माना किया। इसी तरह आमापारा में फल ठेला संचालक पर 1500 रुपए का जुर्माना किया।

नगर निगम की टीम ने संबंधित व्यवसायिओं को भविष्य के लिए चेतावनी देते हुए सफाई व्यवस्था पर ध्यान देने की हिदायत दी है। नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा द्वारा दिए गए निर्देश पर जोन 5 कमिश्नर खीरसागर नायक के मार्गदर्शन में जोन 5 के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्पॉट पर जाकर स्वच्छता व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा, स्वच्छता निरीक्षक दिलीप साहू, प्रेम मानिकपुरी की स्थल पर उपस्थिति रही।

### नारायणी धाम में 9 से श्रीमद भागवत ज्ञान गंगा यज्ञ

**धमतरी।** शहर के नारायणी धाम में 9 से 15 जून तक सात दिवसीय श्रीमद भागवत ज्ञान गंगा यज्ञ का आयोजन शाम 4 बजे से 7 बजे तक होगा। भागवताचार्य विष्णुदत्त शास्त्री (महर्षि) इंदौर श्रीमद भागवत कथा का रसपान कराएंगे। आयोजन में प्रतिदिन अलग-अलग प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी में प्रमोद गोयल-लता गोयल, मनीष अग्रवाल-लता अग्रवाल, नरेश अग्रवाल-पूजा अग्रवाल, संजय रामजीलाल-पूनम अग्रवाल, मदन गोयल-अनीता गोयल तथा राजेंद्र माहेश्वरी जुटे हैं।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### पर्यावरण दिवस पर हुई स्कूल की सफाई

**हथबंद**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथबंद के प्राचार्य सी के नायक के निर्देशन में एवं एको क्लब प्रभारी योगेश कुमार त्रिवेदी के मार्गदर्शन में दल नायक गिरीश यदु के नेतृत्व में पर्यावरण दिवस एवं शाला प्रवेश उत्सव के पूर्व स्वच्छता अभियान चलाकर शाला परिसर की साफ सफाई की गई। श्री त्रिवेदी ने बताया कि भीषण गर्मी एवं प्रकृति में हो रहे प्रदूषण को देखते हुए शाला समिति की अध्यक्ष विद्या वर्मा एवं समिति के सदस्यों तथा शाला परिवार के सदस्यों द्वारा प्रकृति की रक्षा एवं सुरक्षा हेतु आगामी दिनों में शाला परिसर में वृहद मात्रा में वृक्षारोपण किया जाना है जिसकी तैयारी की जा चुकी है। आज के स्वच्छता अभियान में एको क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना से अंशु, सिमरन, चांदनी निषाद, जान्हवी, भूमिका निषाद, दिगेश, आदित्य आदि सहित 40 सदस्यों ने भाग लिया।

### पंजीकृत निर्माण श्रमिक के बच्चे उठाये नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना का लाभ

**बलौदाबाजार**। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के प्रथम दो बच्चो हेतु नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना संचालित है। इसके अंतर्गत कक्षा 1 से स्नातकोत्तर एवं व्यवसायिक में अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं को रूपये 1000 से 10000 तक कक्षा अनुसार छात्रवृत्ति प्रदाय की जाती है। इसके अतिरिक्त नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना लाभ प्राप्त करने वाले बच्चों को पृथक से स्टेशनरी एवं गणवेश हेतु 2000 रुपए प्रदाय किया जाता है। विभाग के द्वारा ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिकों से उपरोक्त योजना अंतर्गत अधिक से अधिक आवेदन प्रस्तुत करने हेतु अपील किया गया है। च्वाईस सेंटर, श्रम संसाधन केन्द्र, विभाग का वेबसाईट श्रमेव जयते ऐप या श्रम कार्यालय कक्ष क्रमांक 117 कलेक्टर परिसर के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### लक्ष्मी वर्मा संसद की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संबंधी स्थायी समिति की सदस्य मनोनीत

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी की राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा को संसद की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संबंधी विभागीय संसदीय स्थायी समिति का सदस्य नामित किया गया है। श्रीमती वर्मा को अब देश के ग्रामीण, दूरस्थ वनांचल एवं आदिवासी क्षेत्रों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को राष्ट्रीय पटल पर मजबूती से रखने का अवसर मिलेगा। इससे महिला एवं बाल स्वास्थ्य, पोषण स्तर में सुधार तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन को गति मिलेगी।

### भर्ती परीक्षा के लिए होगा चार मेगा टेस्ट सीरीज

**महासमुंद**। नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय महासमुंद में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी प्रत्येक भर्ती परीक्षा के पूर्व प्रारंभ से ही मेगा टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जाता है। आगामी सूबेदार/ उपनिरीक्षक/ प्लाटून कमांडर भर्ती परीक्षा 12 जुलाई 2026 को होनी है। भर्ती परीक्षा के लिए 04 मेगा टेस्ट सीरीज नवकिरण अकादमी व जिला ग्रन्थालय द्वारा लिया जाएगा। जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा विनय कुमार लंगेह कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं रवि साहू अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी, बीएल देवांगन जिला शिक्षा अधिकारी के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी में भर्ती परीक्षा के लिए 04 मेगा टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जाएगा।

## निधन

### मोतीराम वर्मा



**बंगोली**। ग्राम मूरा निवासी मोतीराम वर्मा का 31 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिघाट में किया गया। अंतिम यात्रा में स्वजातीय सहित ग्राम के अन्य लोग शामिल होकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की। वे सोनारिन बाई वर्मा के पति, खूबचंद वर्मा, रुपचंद वर्मा के पिता थे।

---

**विश्व पर्यावरण दिवस : दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ**

# पर्यावरण बचाने अधिक से अधिक पौधे लगाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अहिल्या इंटरनेशनल स्कूल, लाहोद में शुक्रवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. निशा झा उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के शिक्षकों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथि का अभिनंदन किया। शिक्षकों द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए मनमोहक नृत्य एवं गीत की प्रस्तुति भी दी गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. निशा झा ने कहा कि पौधरोपण ही स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण का आधार है। यदि बच्चों को प्रारंभ से ही पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने की प्रेरणा दी जाए तो आने वाली पीढ़ियां पर्यावरण संरक्षण के प्रति अधिक जागरूक होंगी और धरती को हरा-भरा बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। वही विद्यालय के प्राचार्य जी.सी. दास ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी का साझा दायित्व है। वनों की कटाई और बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाना, जल संरक्षण करना तथा प्लास्टिक के उपयोग को कम करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमारा छोटा-सा प्रयास भी भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित कर सकता है। जिस प्रकार हम अपनी माता की रक्षा करते हैं, उसी प्रकार प्रकृति रूपी मां की रक्षा करना भी हमारा कर्तव्य है।

विद्यालय के संचालक रमाकांत साहू एवं प्रबंधक दिलीप साहू ने भी पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि एवं विद्यालय परिवार द्वारा पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली गई। साथ ही विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा रोहांसी मंडल ने किया पौधारोपण



**पलारी**। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भाजपा रोहांसी मंडल के द्वारा पार्टी कार्यालय में पौधारोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया तथा पौधे को संरक्षित करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शिव यदु, मंडल महामंत्री मोहन साहू, भाजयुमो जिला मंत्री कौशल साहू, भाजयुमो जिला कार्यकारणी सदस्य शिवकुमार साहू, विमल साहू, भाजयुमो रोहांसी मंडल अध्यक्ष लखन यादव, अजा मोर्चा अध्यक्ष ईश्वर बघेल, पार्षद बुधारू साहू, प्राधिकृत अधिकारी बिहस कुमार कलिहारी, लखन साहू, हेमकिशन साहू, हरिकीर्तन यादव सहित मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एक पेड मां के नाम पर किया पौधरोपण

■ भाजपा निपनिया मंडल की बैठक में मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रमों की बनी रूपरेखा

**भाटापारा**। मोदी जी के प्रधानमंत्री के रुप में 12 साल का कार्यकाल पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी केन्द्रीय नेतृत्व के आव्हान पर पूरे देश में 5 जून पर्यावरण दिवस से 23 जून डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी के पुण्यतिथि बलिदान दिवस तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इस कार्यक्रम के तैयारी के संबंध में भाजपा निपनिया मंडल का बैठक मंडल प्रभारी महाबल बघेल के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। बैठक में कार्यक्रम के संबंध में कार्यकर्ताओं से विस्तार से चर्चा के बाद कार्य योजना बनाकर पार्टी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के संचालन के लिए शक्ति केंद्र के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई। बैठक उपरांत एक पेड मां के नाम पर पौधरोपण का कार्यक्रम किया गया। बैठक में मंडल अध्यक्ष मथुरा यदु , पुर्व अध्यक्ष धनीराम साहु, महिला मोर्चा की जिल महामंत्री गीता अग्रवाल, मंडल महामंत्री राजेश पटेल व रोहित वर्मा, लक्ष्मीनारायण शर्मा, अश्वनी देवांगन, मनोज महाराज, रितेश श्रीवास्तव, तोरण साहु, ओमप्रकाश वर्मा, राजेश ध्रुव, निरेश सेन, बृजेश निषाद, राजेश कोसले , विनोद देवांगन, परदेश राम, परस राम साहु, मोतीलाल आडिल , लेखराम पटेल, आगेश्वर ध्रुव, बैजनाथ यदु, अमरनाथ ध्रुव, हिरा सिंग ध्रुव, आदर्श कुमार सहित बडी संख्या में मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### साहू समाज ने चलाया पर्यावरण संरक्षण अभियान

**खरोरा**। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेशव्यापी वृक्षारोपण, पर्यावरण एवं जल संरक्षण अभियान के तहत ग्राम पंचायत मटिया में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेन्द्र साहू के आह्वान पर चलाए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत ग्राम मटिया के साहू पारा में फलदार एवं छायादार पौधे रोपे गए तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया।कार्यक्रम का नेतृत्व तहसील संगठन सचिव धरसीवा अनिल साहू ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पेड़-पौधों की लगातार कमी से पर्यावरण का संतुलन प्रभावित हो रहा है। पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं हरित वातावरण सुनिश्चित करने हेतु पौधारोपण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आग्रह किया। पौधारोपण अभियान में परिक्षेत्र सारागांव संगठन सचिव थलेश्वर साहू, राहुल साहू, डोमन साहू, समीर साहू, राजू साहू, हेयांश साहू सहित समाज के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। यह अभियान प्रदेशभर में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से निरंतर चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से समाज के लोगों को वृक्षारोपण के प्रति प्रेरित किया जा रहा है।



### प्रदेश साहू संघ के आह्वान पर बनसांकरा में वृहद पौधरोपण

**सिमगा**। प्रदेश साहू संघ के आह्वान पर आज सिमगा विकासखंड के ग्राम बनसांकरा में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। उक्त अवसर पर प्रदेश साहू संघ उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश साहू मुख्य रूप से उपस्थित थे। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प के साथ आयोजित इस अभियान में प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक हेमन्त साहू, कृषि शाखा समिति अध्यक्ष अभिषेक साहू, तहसील युवा अध्यक्ष हितेश साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष नरेश साहू, मिनाराम साहू, विनोद, भोजराज साहू, सतीश,अतुल, कोमल, लेखराम सहित अनेक समाजजनों एवं युवाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।



---

## कांग्रेस की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कसडोल की मासिक बैठक शनिवार को ब्लॉक अध्यक्ष दयाराम वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने तथा क्षेत्र की जनसमस्याओं के निराकरण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष दयाराम वर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आम जनता के हितों के लिए कार्य करती रही है और आगे भी जनसेवा के प्रति पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय बनाए रखते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भी अपने विचार रखे तथा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और जनहित के मुद्दों से नेतृत्व को अवगत कराया। इस दौरान पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने तथा आगामी आयोजनों को सफल बनाने का संकल्प लिया गया।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में चंदन साहू कोषाध्यक्ष, द्वारका निर्मलकर प्रभारी महामंत्री, नीरेंद्र क्षत्रिय प्रभारी सचिव, योगेश बंजारे, विशाल खुसरो जिला अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस, गायत्री कैवर्त, लक्ष्मी कुर्वंशी महिला कांग्रेस अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष गोविंद मिश्रा, पंकज जायसवाल, जागेश्वर वर्मा, चंदराम निषाद, खिखराम वर्मा, निरेंद्र क्षत्रिय, अशोक पटेल, रमेश वैष्णव, मुरारी धीवर, परस जायसवाल, विकास पैकरा, प्रेमशंकर यादव, कामता प्रसाद साहू, पुरीराम कोशले, जगाऊराम पटेल, दीपक चंद साहू, गंगाराम साहू, सुशील देवांगन, नोमेश साहू, साहिद डांडेकर, सूर्यप्रकाश यादव, दीपक कैवर्त्य, कमल पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा मंडल की बैठक में कार्यकर्ताओं को दिए गए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

■ मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा मंडल सिमगा की बैठक सम्पन्न



भाजपा मंडल सिमगा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 स्वर्णिम वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बढ़ता भारत-बदलता भारत बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए विधानसभा के प्रभारी एवं रजक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक ने कहा कि आज दुनिया बहुत बड़े वैश्विक संकट से गुजर रही है। युद्ध का सामना कर रही है ऐसे में प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में हम भारतवासी अपने आपको सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। यह मोदी के जन कल्याणकारी नीतियों का प्रमाण है। रजक ने कहा एक पेड़ मां के नाम को हम खाली कार्यक्रम ना समझे एक पेड़ मां के नाम पर जब हम वृक्षारोपण करें तो उसे पेड़ की पूरी देखभाल करने की जवाबदारी हमारी है और जब वह पेड़ बड़ा होगा तब हम महसूस करेंगे कि हमने क्या पाया है। रजक ने कहा पं.दीनदयाल उपाध्याय का एक सपना था कि अंतिम व्यक्ति तक हम विकास को पहुंचा पाएंगे तब लगेगा कि हमारी योजना सफल हुई और आप सब उन्हीं के सिद्धांत में धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को 23 जून को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर प्रत्येक पोलिंग बूथ में कार्यक्रम आयोजित करने कहा। किसान नेता अनिल पांडेय ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस को प्रत्येक बूथ में मनाएं और हर व्यक्ति को इसमें शामिल करने का प्रयास करें। जिससे एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को हम साकार कर सकें। कार्यक्रम को भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, मंडल अध्यक्ष चंद्रमणी तिवारी ने भी संबोधित किया। आभार प्रदर्शन मंडल महामंत्री छोटू यादव ने किया।

### ये रहे उपस्थित

उक्त अवसर पर योगेश राहुल साहू, धीरज जैन, सूर्यकांत ताम्रकार, भागवत वर्मा, हेमलाल कुर्रे, रिकी ध्रुव, चंद्रमणी साहू, बिसाऊ साहू, अग्रसेन वर्मा, गोपेश वर्मा, चंद्रकुमार वर्मा, अनूप तिवारी, पीतांबर सोनकर, टेबू देवांगन, माया सलूजा, नीरज शर्मा, सचिन जैन, पीयूष जैन, गगन शर्मा, मुकुंद रजक, प्रशांत देवांगन, नरेश दिवाकर, परस पाटकर आदि उपस्थित थे।

## सुशासन तिहार के नाम पर जनता से छलावा : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



प्रदेश काँग्रेस प्रतिनिधि एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने सुशासन तिहार को पूरी तरह ढकोसला तिहार निरूपित करते हुये कहा की पूरे प्रदेश में सत्तासीन भाजपा सरकार जनता जनार्दन को गुमराह कर रही है। सुशासन तिहार के नाम पर विकाश का ढोल पीट रही है। अधिकारी वर्ग सुशासन तिहार आयोजित करने के नाम पर सभी ग्राम पंचायतों के सरपंचों से दस दस हज़ार रुपया की वसूली कर रही है। शिविर में आम जनता के लिये कोई सुबिधा नहीं रखी गई है। झूठी योजनाओं का पर्दाफाश होने से बचने के लिये चिन्हित किसानों को नाम मात्र सम्प्राग्री प्रदान कर वाहवाही लूट रही है। विपक्ष के नेताओं को आमंत्रित भी नहीं किया जा रहा है।पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने कहा कि किसानों को कृषि कार्यो के लिये भरपूर मात्रा में खाद और बीज उपलब्ध कराने में असफल सरकार पहले ही बिजली कटौती और पानी की समस्या से जूझ रहे किसानों और आम जनों को राहत नहीं दे पा रही है, जबकि बिजली का भारी भरकम बिल जनता जनार्दन को प्रति महीने थमा रही है और खेती के समय में किसानों को पर्याप्त मात्रा में रासायनिक खाद और उन्नत किस्म की बीज सहित भरपूर बिजली नहीं मिलेगी तो किसान अपनी फसल कैसे उत्पन्न कर पायेगा। इस गंभीर औरे भयावह समस्या का निराकरण करने भाजपा सरकार अपना ध्यान केंद्रित नहीं कर रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि किसानों से धान की फसल सोसायटियों में कम मात्रा में खरीदना पड़े इसके लिये किसानों को खाद और बीज से वंचित किया जा रहा है।

## क्रिकेट स्पर्धा के फाइनल में पहुंचे शिवरतन शर्मा ने खिलाड़ियों में भरा जोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

रविवार को अपने गृह ग्राम खोखली में आयोजित केपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट के बेहद रोमांचक और उत्साहपूर्ण माहौल के फाइनल मुकाबले में भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा उपस्थित हुए और युवा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

मैदान पर पहुंचते ही शिवरतन शर्मा ने खिलाड़ियों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने युवा क्रिकेटरों की खेल प्रतिभा, कड़ी मेहनत और खेल के प्रति उनकी निष्ठा को करीब से देखकर प्रसन्नता जाहिर की। इस दौरान उन्होंने फाइनल में पहुंची दोनों टीमों के खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया और उत्कृष्ट खेल भावना के साथ निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विजेता एवं उपविजेता टीमों को बधाई देते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा कि हार-जीत खेल का हिस्सा है, लेकिन मैदान पर दिखाया गया जज्बा ही असली जीत

शिवरतन शर्मा ने कहा कि खेल मैदान केवल चौके-छक्कों का स्थान नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण की पाठशाला है। यहाँ युवा अनुशासन सीखता है, गिरकर उठना सीखता है और कंधे से कंधा मिलाकर जीतना सीखता है।

उन्होंने कहा केपीएल जैसे आयोजन ग्रामीण अंचलों में छिपी हुई प्रतिभाओं के लिए वह सुनहरी खिड़की हैं, जहां से उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा और मंच दोनों मिलते हैं। ऐसे टूर्नामेंट युवाओं में परिश्रम, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त माध्यम हैं। इस अवसर पर सरपंच, उपसरपंच, पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्त्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी, खेलप्रेमी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**रोज कर रहे साफ-सफाई, स्वच्छता और जनसेवा का दिया संदेश**

# राजकुमार ने लिया अटल परिसर को आजीवन स्वच्छ रखने का अटल संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार






भारत माता सेवा ट्रस्ट केंद्रीय संचालन समिति के सदस्य ग्राम छुईहा के 58 वर्षीय किसान राजकुमार बंजारे द्वारा गार्डन चौक स्थित नगर पालिका बलौदाबाजार द्वारा स्थापित भारत रत्न श्रद्धेय स्व.अटल बिहारी वाजपेई जी के आदमकद मूर्ति व अटल परिसर का गत 13 अप्रेल से ट्रस्ट के अध्यक्ष टेसूलाल धुरंधर की प्रेरणा से आजीवन साफ सफाई व स्वच्छ रखने का संकल्प के साथ नित्य प्रातः 05 बजे साफ-सफाई व झाडू -पोंछा का प्रेरक कार्य स्वेच्छापूर्वक नियमित रूप से किया जा रहा है। राजकुमार बंजारे के प्रेरक संकल्प का नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, उपाध्यक्ष जितेंद्र महले सहित नगर के सभी पार्षदों, जनप्रतिनिधियों, नागरिकों तथा भारत माता सेवा ट्रस्ट की ओर से बंशीलाल वर्मा, धीरज बाजपेई, यशवर्धन(मोनू) वर्मा, डमरूधर वर्मा, नीरज परगनिहा, कु इंदु जांगड़े, शीला, धनंजय साहू, धर्मवीर धुरंधर, लक्ष्मेंद्र कुमार साहू, विनय गुप्ता, महेंद्र वर्मा, बलविंदर सिंह, रामाधार पटेल, टिकेश्वर कन्नौजे, रूपेश वर्मा, अरुण सेन, संजय रजक, धनंजय साहू, ओमप्रकाश सेन, रीता प्रेमानंद महिलांग, टिकेश्वर वर्मा, गुलशन वर्मा, प्रदीप कुर्रे, प्रमोद सांखला, तुलाराम वर्मा, चिंतामणि साहू, छन्नूलाल साहू, सौरभ ध्रुव,जामुन बंजारे, रोमेश, निखिल व राहुल बंजारे तथा राहुल चंद्राकर सहित सभी सदस्यों ने स्वागत करते हुए बधाई प्रेषित किया है।